भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

31.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1520 का उत्तर

असम में दोहरी पटरियों वाली रेलवे लाइन का निर्माण

1520. श्री फणी भूषण चौधरी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पूरे असम में रेल पटरियों तथा विशेषकर असम में रेल पटरियों के दोहरीकरण से संबंधित परियोजनाओं का आज तक का ब्यौरा क्या है;

(ख) न्यू बोंगईगांव और डिब्रूगढ़ के बीच दोहरी पटरी रूपांतरण के निर्माण की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है; और

(ग) न्यू बोंगईगांव और डिब्रूगढ़ परियोजना के पूरा होने की किसी विशिष्ट तिथि अथवा समय का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

असम में दोहरी पटरियों वाली रेलवे लाइन के निर्माण के संबंध में दिनांक 31.07.2024 को लोक सभा में श्री फणी भूषण चौधरी के अतारांकित प्रश्न सं. 1520 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग) रेल परियोजनाओं को क्षेत्रीय रेल-वार स्वीकृत किया जाता है न कि राज्य-वार अथवा क्षेत्र-वार क्योंकि रेल परियोजनाएं विभिन्न राज्यों की सीमाओं के आर-पार फैली हो सकती हैं।

01.04.2024 की स्थिति के अनुसार, असम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में पूर्णतः/अंशत: आने वाली 74,972 करोड़ रुपए की लागत से 1,368 कि.मी. कुल लंबाई की 18 रेल अवसंरचना परियोजनाएं (13 नई लाइन, और 05 दोहरीकरण) कार्यान्वयन/स्वीकृति के चरण में हैं, इनमें से 313 किमी लंबाई को कमीशन कर दिया गया है और मार्च, 2024 तक 40,549 करोड़ रुपए का व्यय किया गया है।

न्यू बोंगाईगांव-डिब्रूगढ़ खंड के दोहरीकरण का कार्य चरणबद्ध रूप से निम्नानुसार शुरू किया गया है:

i. बोंगाईगांव-गोवालपाड़ा-गुवाहाटी (176 किमी): 147.29 किलोमीटर को कमीशन कर दिया गया है।
ii. न्यू बोंगाईगांव-रंगिया-अगियाठरी (142.97 किमी): 102.04 किलोमीटर को कमीशन कर दिया गया है।
iii. सरायघाट पर रेल-सह-सड़क सहित अगियाठरी-कामाख्या (7 किमी) परियोजना के निष्पादन हेतु आंरभिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।
iv. लामडिंग-फरकाटिंग जंक्शन (140 किमी): परियोजना के निष्पादन के लिए आंरभिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।
v. फरकाटिंग जंक्शन-डिब्रुगढ़ (241 किमी): अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण पूर्ण हो गया है।

वर्ष 2014 से, भारतीय रेल पर परियोजनाओं हेतु निधि आबंटन और उसके तद्नुरूपी कमीशनिंग में पर्याप्त वृद्धि हुई है। असम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए बजट आबंटन निम्नानुसार है:-

अवधि	बजट परिव्यय	2009-14 के दौरान औसत आबंटन की तुलना में वृद्धि
2009-14	2,122 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष	-
2023-24	10,269 करोड़ रुपये	4.83 गुना
2024-25	10,376 करोड़ रुपये	4.89 गुना

पूर्वोत्तर क्षेत्र में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं की कमीशनिंग निम्नानुसार है:

अवधि	कमीशन किया गया कुल रेलपथ	कमीशन किया गया औसत रेलपथ	2009-14 के दौरान औसत कमीशनिंग की तुलना में वृद्धि
2009-14	333 किमी.	66.6 किमी. प्रति वर्ष	-
2014-24	1728 किमी.	172.8 किमी. प्रति वर्ष	2.59 गुना

रेल परियोजनाओं का पूरा होना राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण, वन विभाग के अधिकारियों द्वारा वानिकी स्वीकृति, अतिलंघनकारी जनोपयोगी सेवाओं को स्थानांतरित करना, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृति, क्षेत्र की भूवैज्ञानिक और स्थलाकृतिक स्थिति, परियोजना/परियोजनाओं स्थल के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति, जलवायु परिस्थितियों के कारण विशेष परियोजना स्थल के लिए एक वर्ष में कार्य महीनों की संख्या, स्टेट पॉवर यूटिल्टीज द्वारा ट्रांसमिशन लाइन कार्यों को पूर्ण करना आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजनाओं के पूरा होने के समय को प्रभावित करते हैं। अतः परियोजनाओं के पूर्ण होने की समय-सीमा नहीं दी जा सकती है।

*****